प्रादेशिक समाचार

27.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

**1.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– गरीबों को वापस किए जाएंगे ईडी द्वारा जब्त रूपये, इसे सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है काम।

**2.** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट सत्र में शामिल होने की याचिका को हाईकोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, एक अप्रैल को होगी सुनवाई।

**3.** आईआईएम रांची के 2022–24 बैच के लिए एमबीए एचआर कोर्स के अंतिम प्लेसमेंट में सबसे अधिक चौतीस लाख रुपये सालाना का मिला पैकेज एक सौ छह कंपनियों ने दी नौकरी।

**4.** पलामू में पिछले 48 घंटों में पांच लोगों की हत्या, हजारीबाग में जेजेएमपी के पूर्व सबजोनल कमांडर राजेश गंझू सहित पांच अपराधी गिरफ्तार।

**5.** राज्य में अगले तीन दिनों तक शुष्क रहेगा मौसम, तीन से पांच डिग्री तक अधिकतम तापमान में होगी वृद्धि। 30 और 31 मार्च को बारिश के आसार।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जब्त की गई राशि को गरीबों को वापस मिले, इसको सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है।

****************

राज्यसभा चुनाव–2016 में हुए हॉर्स ट्रेडिंग मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने आज गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को छह अप्रैल को उपस्थित होकर पक्ष रखने की तिथि निर्धारित की है। मामले के अनुसंधानकर्ता ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट तैयार करते हुए इस केस को बंद करने का आग्रह कोर्ट से किया था।

****************

विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के हाई कोर्ट के फैसले को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जिसकी सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। सुनवाई के लिए मामला जस्टिस सूर्यकांत द्विवेती और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में सूचीबद्ध किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 23 फरवरी से 2 मार्च तक संचालित विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी. हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले रांची की एक विशेष अदालत ने 22 फरवरी, 2024 को विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के निर्वाचन की प्रक्रिया में समान भागीदारी सबों का अधिकार है, इसलिए मतदान प्रक्रिया में अपवर्जित समूहों के निर्वाचकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही इनके लिए अनिवार्य रूप से हरेक मतदान केन्द्र पर सुलभ मतदान की व्यवस्था रखी जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह बातें आज रांची स्थित निर्वाचन सदन में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। इसके अलावे मतदान प्रक्रिया में इनकी सुविधा के लिए डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी उन्होंने बल दिया।

****************

भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में एमबीए–एचआर कोर्स के 2022–24 बैच ने पीपीओ में 23 दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एमबीए एचआर में अंतिम प्लेसमेंट में सबसे ज़्यादा पैकेज करीब चौतीस लाख रुपये सालाना दर्ज की गई। बता दें कि भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने 2022–24 बैच के लिए एक सौ छह भर्तीकर्ताओं के साथ प्लेसमेंट सीज़न में सफलता हासिल की है। इस बैच में एमबीए में दो सौ इक्कीस छात्र, एमबीए–एचआर में उनहत्तर छात्र, और एमबीए–बीए में अड़तालीस छात्र थे। इनमें से करीब अट्ठाइस छात्राएं थीं।

***************

पलामू में आज दिनदहाड़े दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके साथ ही पिछले 48 घंटे के दौरान पलामू जिले में पांच हत्याएं हुई हैं। इनमें चार लोगों की हत्या दिन के उजाले में हुई और एक किलोमीटर के एरिया में सभी घटनाओं को अंजाम दिया गया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन पूरे मामले की जांच कर रही हैं।

***************

हजारीबाग पुलिस ने जेजेएमपी के पूर्व सबजोलन कमांडर राजेश गंझू सहित पांच अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उग्रवादी संगठन टीपीसी के धर्मवीर के नाम से इनके द्वारा क्षेत्र में लेवी मांगी जा रही थी. पुलिस की टीम इनकी तलाश में थी। बताया कि जेजेएमपी छोड़ कर यह एक आपराधिक गिरोह तैयार कर क्षेत्र में सक्रिय था और लेवी की मांग कर रहा था।

***************

कोडरमा जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारी में जहां राजनीतिक दल जोर–शोर से जुटे हैं, वही प्रशासनिक तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

***************

चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर आज समाहरणालय भवन में वोटर जागरूकता फोरम से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी सरकारी और निजी संस्थानों और कार्यालय में वोटर जागरूकता फोरम गठन करने पर जोर दिया गया।

***************

जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त अनन्य मित्तल और वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल के नेतृत्व में आज लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की गई। जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय के अंतर्गत जुगसलाई और पोटका विधानसभा के क्षेत्र के कई बूथ आते हैं। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने पत्रकारों को बताया कि यहां पर बन रहे सभी कलस्टर के बारे में

***************

रांची सिविल कोर्ट सहित राज्य के सभी जिला न्यायालयों में एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू हो जाएगी। हाई कोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। मॉर्निंग कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 29 जून तक चलेगी। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में डे कोर्ट में सुनवाई हो रही है।

***************

राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है वहीं अधिकतम तापमान भी 5 डिग्री तक बढ़ने वाला है, जिसके बाद लोगों को चिलचिलाती गर्मी का एहसास होगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 5 दिन के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि होगी। अधिकतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। 29 मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। इसी दिन नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है, जिसका असर पश्चिमी हिमालय में देखा जाएगा। इसका असर झारखंड पर भी पड़ सकता है। 30 मार्च को राज्य के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। 31 मार्च को भी झारखंड के दक्षिणी हिस्से में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। फिर 1 अप्रैल से झारखंड का मौसम साफ हो जाएगा।

***************

लोहरदगा जिले के भंडरा थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब और गांजा तस्करों के विरुद्ध छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने छापेमारी कर गांजा के साथ दो आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

***************

धनबाद में जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, टाटा स्टील, आईआईटी आईएसएम सहित अन्य उपक्रमों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जिले के सभी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल रहे।

****************

साहिबगंज में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला परिवहन, जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला सडक सुरक्षा विशेष टास्क फोर्स के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उपायुक्त ने बोरिया, तीनपहाड़ और राजमहल में सड़क पर कैट आई अथवा सन रिफ्लेक्टर लगाने का निर्देश दिया।

*******समाप्त*******